HD - 05

December - Examination 2015

B.A. III Year Examination

आधुनिक काव्य

Paper - HD - 05

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 100**

निर्देश : यह प्रश्न पत्र तीन खंडों अ, ब और स खंड में विभाजित है। 'अ' खंड अति लघुत्तरात्मक है, खंड 'ब' लघुत्तरात्मक एवं खंड 'स' में निबंधात्मक प्रश्न सम्मिलित हैं।

(खण्ड – अ) 10 x 2 = 20

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है। आप अपने उत्तर को एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न दो अंक का है।

1) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(i) किन्हीं चार लम्बी कविताओं के नाम लिखिए।

(ii) खंड काव्य किसे कहते हैं?

(iii) सुमित्रानंदन पंत की किन्हीं 4 काव्य रचनाओं के नाम लिखिए।

(iv) मुक्त छंद के प्रणेता कवि का नाम लिखिए।

(v) 'सरोज स्मृति' निराला के किस काव्य में संगृहीत है?

(vi) मुक्तिबोध की किन्हीं दो काव्य रचनाओं के नाम लिखिए।

(vii) 'काठ की घंटियाँ' और 'बाँस का पुल' नामक काव्य रचनाओं के रचनाकार का नाम लिखिए।

(viii) किन्हीं चार छायावादी कवियों के नाम लिखिए।

(ix) नरेश मेहता के दो खंड काव्यों के नाम लिखिए।

(x) हालावाद का प्रवर्तक किसे माना जाता है?

(खण्ड – ब)

4 x 10 = 40

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई चार प्रश्न कीजिए। शब्द सीमा लगभग 200 शब्द हैं। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है।

2) सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

अभी तो मुकुट बँधा था माथ,
हुए कल ही हल्दी के हाथ,
खुले भी न थे लाज के बोल
खिले भी चुंबन शून्य कपोल
हाय रुक गया यहीं संसार
    बना सिंदूर अंगार!
वातहत लतिका वह सुकुमार
    पड़ी है छिन्नाधार!!

3) सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

वे जो जमुना के से कछार
पद फटे बिवाई के; आधार
खाये के मुख ज्यों, पिये तेल
चमरौंधे जूते से सकेल
निकले, जो लेते, घोर गंध
उन चरणों को मैं यथा अंध
कल घ्राण, प्राण से रहित व्यक्ति
हो पूँज, ऐसी नहीं शक्ति
ऐसे शिव से गिरिजा–विवाह
करने की नहीं मुझको चाह।

4) सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

राम, क्या यही है मनुष्य का प्रारब्ध? कि
कर्म
निर्मम कर्म
केवल असंग कर्म करता ही चला जाए?
भले ही वह कर्म
धारदार अस्त्र की भाँति
न केवल देह
बल्कि
उसके व्यक्तित्व को
रागात्मिकाओं को भी काट कर रख दे
क्या रही है मनुष्य का प्रारब्ध?

5) हरिवंशराय बच्चन के व्यक्तित्व व कृतित्व का वर्णन कीजिए।

6) 'कुआनो नदी' कविता में वर्णित संवेदना का वर्णन कीजिए।

7) नरेश मेहता की काव्य रचनाओं का वर्णन कीजिए।

8) 'ब्रह्मराक्षस' कविता का अनुभूतिपक्ष वर्णित कीजिए।

9) 'दो चट्टाने' काव्य की अभिव्यंजना पक्ष का वर्णन कीजिए।

(खण्ड – स) 2 x 20 = 40

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो का उत्तर दीजिए। शब्द सीमा अधिकतम 500 शब्द हैं। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

10) आधुनिक काव्य की पृष्ठभूमिका सविस्तार विवेचन कीजिए।

11) खंड काव्य परम्परा व विकास पर एक लेख लिखिए।

12) सुमित्रानंदन पंत की काव्य यात्रा का वर्णन कीजिए।

13) 'सरोज स्मृति' कविता का अनुभूति व अभिव्यक्ति पक्ष वर्णित कीजिए।

———